हिंदी विकास मंच, द्वारा आयोजित

अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड

हेतु अभ्यास-पुस्तिका

कक्षा-4 के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम

स्वर एवं व्यंजन, मात्राएँ, 'र' के रूप, शुद्ध शब्द, संज्ञा, सर्वनाम एवं विशेषण शब्दों की पहचान एवं उचित प्रयोग, क्रिया, लिंग एवं वचन का ज्ञान, पर्यायवाची एवं विलोम अर्थ वाले शब्द, शब्द लड़ी में उचित शब्द, हिंदी में गिनती का सही क्रम (एक से तीस तक), अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, बिंदु (ं) एवं चंद्रबिंदु (ँ) का प्रयोग, विराम-चिह्न, मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ, शुद्ध शब्द, राष्ट्रीय प्रतीक, खाली स्थान भरकर वाक्य बनाना एवं अपठित गद्यांश।

- हिंदी ओलंपियाड प्रतियोगिता में भाग लेने से विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के स्तर का पता चलता है। राज्य, राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं को परखने का मौका मिलता है। जिससे उन्हें अपने ज्ञान के स्तर का और अपनी तर्कशक्ति की क्षमता का पता चलता है।
- हिंदी ओलंपियाड परीक्षाओं में पूछे जाने वाले प्रश्नों को हल करने हेतु विषय की अच्छी समझ होना बहुत ही जरूरी है और इन परीक्षाओं की तैयारी करने से विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर में वृद्धि होती है।
- अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड जैसी परीक्षाओं में विद्यार्थियों को मिलने वाले पुरस्कारों और प्रमाण पत्र से उनका उत्साहवर्धन होता है।

हिंदी ओलंपियाड परीक्षा की तैयारी हेतु दृढ़ इच्छाशक्ति बनाये रखें, लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखें और अपनी शारीरिक और मानसिक सेहत का भी ध्यान रखें क्योंकि केवल पढ़ने से किसी परीक्षा को पास नहीं किया जा सकता बल्कि जो पढ़ा उसे अच्छे से समझने का भी प्रयास करें। सही रणनीति और पक्का इरादा ही आपको मंजिल तक अवश्य पहुंचा सकती है। अनुभवी शिक्षक या अभिभावक का मार्गदर्शन जरूर लें।

कॉपीराइट सर्वाधिकार सुरक्षित © हिंदी विकास मंच

1-भाषा और लिपि

1. अंग्रेज़ी भाषा की लिपि है -

(क) रोमन

(ख) फ़ारसी

(ग) देवनागरी

2. लिखकर प्रकट नहीं होती -

(क) बोली

(ख) भाषा

(ग) दोनों

3. देवनागरी क्या है ?

(क) बोली

(ख) भाषा

(ग) लिपि

4. बातचीत करना है -

(क) भाषा का लिखित रूप

(ख) भाषा का मौखिक रूप

(ग) भाषा का सांकेतिक रूप

5. हिंदी को राजभाषा घोषित किया गया -

(क) 14 सितंबर, 1949 को

(ख) 14 सितंबर, 1950 को

(ग) 14 सितंबर, 1947 को

6. व्याकरण है -

(क) भाषा के शब्दों का संग्रह

(ख) भाषा के नियमों का शास्त्र

(ग) भाषा के वर्णों का संग्रह

7. व्याकरण हमें बताता है -

(क) शब्दों का सही प्रयोग

(ख) वाक्यों का सही बनाना

(ग) भाषा प्रयोग का सही तरीका

8. मराठी भाषा की लिपि है -

(क) फ़ारसी

(ख) रोमन

(ग) देवनागरी

9. पंजाबी भाषा की लिपि है -

(क) गुरुमुखी

(ख) रोमन

(ग) देवनागरी

10. अरुणाचल प्रदेश की भाषा कौन-सी है?

(क) नेपाली

(ख) भूटिया

(ग) मोनपा

11. हिंदी, संस्कृत व नेपाली भाषा की लिपि है -

(क) गुरुमुखी

(ख) रोमन

(ग) देवनागरी

12. निम्न में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?

(क) पेड़ पर से पत्ते गिर रहे हैं।

(ख) पेड़ पर से पत्ते गिर रही हैं।

(ग) पेड़ से पत्ते गिर रहे हैं।

13. अपनी बात बोलकर दूसरों तक पहुँचाने को कहते हैं-

(क) लिखित भाषा

(ख) मौखिक भाषा

(ग) सांकेतिक भाषा

14. अखबार में कौन-सी भाषा का प्रयोग किया जाता है?

(क) मौखिक भाषा

(ख) लिखित भाषा

(ग) उपर्युक्त दोनों

15. भाषा कहते हैं -

(क) मन के भावों के आदान-प्रदान के साधन को

(ख) मन के भावों को

(ग) मन के विचारों को

कॉपीराइट सर्वाधिकार सुरक्षित © हिंदी विकास मंच

2-वर्णमाला और मात्राएँ

1. हिंदी वर्णमाला में कितने व्यंजन होते हैं?

(क) तीस

(ख) चालीस

(ग) तैंतीस

2. वर्णमाला में स्वरों की संख्या होती है -

(क) नौ

(ख) दस

(ग) ग्यारह

3. मात्रा वाला स्वर नहीं है -

(क) ऋ

(ख) अ

(ग) आ

4. श्र में कौन-कौन से व्यंजन होते हैं?

(क) श् + र

(ख) क् + ष

(ग) ज + ञ

5. 'अं' को कहा जाता है -

(क) अनुनासिक

(ख) अंतस्थ

(ग) अनुस्वार

6. ड वर्ण कौन-से वर्ग का है?

(क) क वर्ग

(ख) च वर्ग

(ग) ट वर्ग

7. अनुनासिक को कहते हैं-

(क) बिंदु

(ख) चंद्रबिंदु

(ग) विसर्ग

8. 'केला' में मात्रा है-

(क) ऐ

(ख) ऐ

(ग) औ

9. ध वर्ण किस वर्ग का है?

(क) क वर्ग

(ख) त वर्ग

(ग) ट वर्ग

10. 'पुस्तक' में मात्रा है-

(क) ऊ

(ख) उ

(ग) ई

11. किस शब्द में अनुनासिक का प्रयोग हुआ है?

(क) भैंस

(ख) गाँव

(ग) चंदन

12. 'मरीज' में मात्रा है-

(क) ई

(ख) इ

(ग) उ

13. 'कृपण' शब्द के 'क' वर्ण में कौन-सी मात्रा है?

(क) र की

(ख) ऋ की

(ग) आ की

14. 'नूतन' शब्द के 'न' वर्ण में कौन-सी मात्रा है?

(क) उ की

(ख) ऊ की

(ग) ई की

15. अनुस्वार को भी कहते हैं.....

(क) चंद्रबिंदु

(ख) बिंदु

(ग) आगत

कॉपीराइट सर्वाधिकार सुरक्षित © हिंदी विकास मंच

3-संयुक्त व्यंजन

1. संयुक्त व्यंजन वाला शब्द है -

(क) ज्ञानी

(ख) बालक

(ग) बारह

2. संयुक्त व्यंजन वाला शब्द नहीं है -

(क) मछली

(ख) यज्ञ

(ग) त्रिशूल

3. पक्का शब्द में प्रयुक्त हुआ है -

(क) संयुक्त व्यंजन

(ख) द्वित्व व्यंजन

(ग) कोई नहीं

4. द्वित्व व्यंजन वाला शब्द नहीं है-

(क) कक्ष

(ख) सच्चा

(ग) लट्टू

5. 'वक्र' शब्द में प्रयुक्त हुआ है -

(क) रेफ

(ख) पदेन

(ग) आगत

6. श्रमिक शब्द में है -

(क) संयुक्त व्यंजन

(ख) द्वित्व व्यंजन

(ग) कोई नहीं

7. 'बिल्ली' शब्द में व्यंजन है -

(क) संयुक्त

(ख) द्वित्व

(ग) कोई नहीं

8. किस शब्द में द्वित्व व्यंजन है?

(क) यज्ञ

(ख) मिट्टी

(ग) ज्ञानी

9. किस शब्द में 'र' व्यंजन नहीं है-

(क) प्रश्न

(ख) पृथ्वी

(ग) ट्रक

10. 'चम्मच' शब्द में प्रयुक्त हुआ है -

(क) अर्धविराम चिह्न

(ख) संयुक्त व्यंजन

(ग) द्वित्व व्यंजन

11. संयुक्त व्यंजन में पहला व्यंजन .... तथा दूसरा व्यंजन पूरा होता है ।

(क) कम

(ख) थोड़ा

(ग) आधा

12. बच्चा शब्द में प्रयुक्त हुआ है –

(क) द्वित्व व्यंजन

(ख) संयुक्त व्यंजन

(ग) कोई नहीं

13. नेत्र में प्रयुक्त हुआ है –

(क) संयुक्त व्यंजन

(ख) द्वित्व व्यंजन

(ग) दोनों

14. 'कर्म' शब्द में 'र' का रूप प्रयुक्त हुआ है –

(क) रेफ

(ख) पदेन

(ग) कोई नहीं

15. पर्व में प्रयुक्त हुआ है –

(क) पदेन

(ख) रेफ

(ग) नुक्ता

कॉपीराइट सर्वाधिकार सुरक्षित © हिंदी विकास मंच

4-संज्ञा

1. **व्यक्तिवाचक संज्ञा है -**
   (क) जयपुर
   (ख) पेड़
   (ग) कुरसी

2. **जातिवाचक संज्ञा है -**
   (क) लड़का
   (ख) चिड़िया
   (ग) दोनों

3. **इनमें से कौन-सा शब्द संज्ञा नहीं है?**
   (क) आम
   (ख) अच्छा
   (ग) सेना

4. **'दया, बलिदान, चालाकी, ठगी' कैसे शब्द हैं ?**
   (क) व्यक्तिवाचक
   (ख) जातिवाचक
   (ग) भाववाचक

5. **गुण, दशा, अवस्था का बोध कराने वाली संज्ञा कहलाती है -**
   (क) भाववाचक संज्ञा
   (ख) सर्वनाम
   (ग) जातिवाचक

6. **'पर्वत' शब्द है -**
   (क) भाववाचक
   (ख) जातिवाचक
   (ग) व्यक्तिवाचक

7. **भाववाचक संज्ञा का सही उदाहरण है-**
   (क) भारत
   (ख) महल
   (ग) बुढ़ापा

8. **संज्ञा के मुख्य भेद हैं -**
   (क) चार
   (ख) सात
   (ग) तीन

9. **जातिवाचक संज्ञा का उदाहरण है-**
   (क) पशु
   (ख) कोमल
   (ग) पढ़ाई

10. **रोहन खुशी से नाच रहा है । वाक्य में 'खुशी' शब्द है-**
    (क) व्यक्तिवाचक संज्ञा
    (ख) जातिवाचक संज्ञा
    (ग) भाववाचक संज्ञा

11. **गाय घास खा रही है । वाक्य में 'गाय' शब्द है-**
    (क) व्यक्तिवाचक संज्ञा
    (ख) जातिवाचक संज्ञा
    (ग) भाववाचक संज्ञा

12. **क्रिकेट शब्द है-**
    (क) जातिवाचक
    (ख) व्यक्तिवाचक
    (ग) भाववाचक

13. अध्यापक कक्षा में पढ़ा रहे हैं । वाक्य में 'अध्यापक' शब्द है –

(क) व्यक्तिवाचक संज्ञा

(ख) जातिवाचक संज्ञा

(ग) भाववाचक संज्ञा

14. मेरे देश का नाम है.....। उचित संज्ञा शब्द होगा –

(क) बचपन

(ख) भारत

(ग) नीरज

15. निशा बहुत मेहनती है । वाक्य में 'निशा' किस संज्ञा भेद का उदाहरण है –

(क) व्यक्तिवाचक

(ख) जातिवाचक

(ग) भाववाचक

कॉपीराइट सर्वाधिकार सुरक्षित © हिंदी विकास मंच

5-लिंग

1. सदैव पुल्लिंग होते हैं -

(क) पहाड़ों, देशों और ग्रहों के नाम

(ख) पदों के नाम

(ग) दोनों

2. नेत्री का पुल्लिंग होगा -

(क) नेत्रा

(ख) नेता

(ग) नेत्रान

3. सम्राट का स्त्रीलिंग होगा -

(क) बेगम

(ख) सामग्री

(ग) सम्राज्ञी

4. बैल खूँटे से बँधा है । वाक्य में 'बैल' है -

(क) स्त्रीलिंग

(ख) पुल्लिंग

(ग) कोई नहीं

5. स्त्रीलिंग शब्द नहीं है -

(क) झील

(ख) नदी

(ग) पन्ना

6. पुल्लिंग शब्द है -

(क) रत्ना

(ख) अनुभव

(ग) भावना

7. छात्र का स्त्रीलिंग है -

(क) छात्रों

(ख) छात्रा

(ग) छात्री

8. सेठ का स्त्रीलिंग होगा-

(क) सेठानी

(ख) सेठनी

(ग) सेठियाइन

9. गायक शब्द का स्त्रीलिंग है -

(क) गायीका

(ख) गायिका

(ग) गायका

10. मेरी मौसी जी बाज़ार गई हैं । वाक्य में 'मौसी' शब्द का पुल्लिंग है -

(क) मैसी

(ख) मोसा

(ग) मौसा

11. 'ग्वालिन' शब्द का पुल्लिंग है –

(क) ग्वाल

(ख) ग्वाला

(ग) ग्वालन

12. सहपाठी का स्त्रीलिंग है –

(क) सहयात्री

(ख) सहपाठिन

(ग) सहपाठिका

13. गंगा हिमालय से निकलती है ।
वाक्य में 'गंगा' शब्द है –

(क) स्त्रीलिंग

(ख) पुल्लिंग

(ग) दोनों

14. अभिनेता का स्त्रीलिंग है –

(क) नेत्री

(ख) अभिनेत्री

(ग) अभीनेत्री

15. लिंग कहते हैं –

(क) पुल्लिंग को

(ख) स्त्रीलिंग को

(ग) शब्द के उस रूप को जिससे उसके पुरुष या स्त्री जाति के होने का पता चले।

कॉपीराइट सर्वाधिकार सुरक्षित © हिंदी विकास मंच

6-वचन

1. गीता और सुनीता हैं ..... सही वचन होगा -
   (क) सहेली
   (ख) सहेलियाँ
   (ग) सखी

2. 'आँख' का बहुवचन है -
   (क) आंखें
   (ख) आँखें
   (ग) अँखियाँ

3. लड़का पढ़ रहा है । यहाँ 'लड़का' का बहुवचन होगा -
   (क) लड़की
   (ख) लड़के
   (ग) लड़कों

4. हलवाई समोसा बना रहा है । वाक्य में 'समोसा' का बहुवचन है -
   (क) समोसी
   (ख) समोसे
   (ग) समौसे

5. धोबिन कपड़ा धो रही है । वाक्य में 'कपड़ा' शब्द का बहुवचन है -
   (क) कपड़ों
   (ख) कपड़ों
   (ग) कपड़े

6. पौधे पर नई कलियाँ खिली हैं । 'कलियाँ' का एकवचन होगा -
   (क) कलिया
   (ख) कलि
   (ग) कली

7. कथा का बहुवचन होगा-
   (क) कथाएँ
   (ख) कथाओं
   (ग) उपर्युक्त दोनों

8. आज मैंने तीन कविता पढ़ी । 'कविता' का बहुवचन होगा -
   (क) कवीता
   (ख) कविताएँ
   (ग) कविताओं

9. फूल पर कई तितलियाँ मँडरा रही थीं। वाक्य में 'फूल' शब्द का बहुवचन होगा-
   (क) फुल
   (ख) फूलों
   (ग) फूलौ

10. बंदर दो केला खा गया । 'केला' का बहुवचन होगा-
   (क) केला
   (ख) केले
   (ग) केले

11. बच्चे शब्द का एकवचन है-

(क) बच्चों

(ख) बच्चा

(ग) बच्चो

12. क्यारी का बहुवचन होगा -

(क) क्यारीया

(ख) क्यारियां

(ग) क्यारियाँ

13. उसने जलेबी बना ली है। 'जलेबी' शब्द का बहुवचन होगा-

(क) जलेबिया

(ख) जलेबियाँ

(ग) जलेबीयां

14. छत्ते पर मधुमक्खी बैठी है । 'मधुमक्खी' शब्द का बहुवचन है -

(क) मधुमखियां

(ख) मधुमक्खियाँ

(ग) मधुमकिया

15. मेरे पास टोपियाँ हैं । 'टोपियाँ' शब्द का एकवचन होगा -

(क) टॉपी

(ख) टोपी

(ग) टोपि

कॉपीराइट सर्वाधिकार सुरक्षित © हिंदी विकास मंच

7-सर्वनाम

1. 'अध्यापक ने उसे शाबाशी दी ।' वाक्य में सर्वनाम शब्द है -

(क) दी

(ख) उसे

(ग) शाबासी

2. निम्न में से कौन-सा शब्द सर्वनाम है -

(क) राजा

(ख) तुम

(ग) नीला

3. राम.....भाई है । वाक्य में उचित सर्वनाम होगा -

(क) मेरा

(ख) मैरा

(ग) मुझे

4. .....फोन पर बात कर रहा है। वाक्य में उचित सर्वनाम होगा -

(क) मैं

(ख) वह

(ग) तुम

5. .....पत्र लिख रहा हूँ । वाक्य में उचित सर्वनाम होगा -

(क) तुम

(ख) वह

(ग) मैं

6. यह पुस्तक .....है ? वाक्य में उचित प्रश्नवाचक सर्वनाम होगा ।

(क) जिसकी

(ख) किसकी

(ग) कोई

7. सर्वनाम शब्दों के उदाहरण हैं -

(क) मैं, हम, तुम, वह आदि

(ख) कोई, कुछ, कौन, किसका आदि

(ग) (क) एवं (ख) दोनों

8. .....तुम्हें बुला रहा था । वाक्य में उचित सर्वनाम होगा -

(क) तुम

(ख) वह

(ग) वे

9. .....यहाँ कब आएँगे ? वाक्य में उचित सर्वनाम होगा -

(क) उसे

(ख) आप

(ग) वह

10. .....भी मेरे साथ चल सकते हो । वाक्य में उचित सर्वनाम होगा -

(क) तुम

(ख) वह

(ग) मैं

11. 'कोई, कुछ' शब्द प्रयोग किये जाते हैं –

(क) प्रश्न पूछने के लिए

(ख) अपने लिए

(ग) अनिश्चित व्यक्ति या वस्तु के लिए

12. आप .....बोल रहे हैं ? वाक्य में उचित प्रश्नवाचक सर्वनाम होगा –

(क) केसे

(ख) कौन

(ग) कहाँ

13. अपना काम स्वयं करना चाहिए । 'स्वयं' शब्द है –

(क) निश्चयवाचक

(ख) निजवाचक

(ग) प्रश्नवाचक

14. मुझे कुछ पुस्तकें चाहिए । वाक्य में 'कुछ' शब्द है –

(क) निजवाचक

(ख) निश्चयवाचक

(ग) अनिश्चयवाचक

15. यह कार .....है। वाक्य में उचित सर्वनाम होगा –

(क) मैं

(ख) आप

(ग) हमारी

कॉपीराइट सर्वाधिकार सुरक्षित © हिंदी विकास मंच

8-विशेषण

1. शेर के दाँत नुकीले होते हैं । वाक्य में 'नुकीले' शब्द है -

(क) संज्ञा

(ख) सर्वनाम

(ग) विशेषण

2. जिराफ की गर्दन ..... होती है । वाक्य में उचित विशेषण होगा -

(क) छोटी

(ख) पतली

(ग) लंबी

3. नीम की दातुन .....होती है । वाक्य में उचित विशेषण होगा -

(क) खट्टी

(ख) कड़वी

(ग) मीठी

4. ये बच्चे बहुत शरारती हैं । वाक्य में 'शरारती' शब्द है -

(क) क्रिया

(ख) विशेषण

(ग) सर्वनाम

5. मेरे पास सफ़ेद खरगोश हैं। 'सफ़ेद' शब्द है -

(क) विशेषण

(ख) क्रिया

(ग) विशेष्य

6. परिमाणवाचक विशेषण संज्ञा की विशेषता बताते हैं -

(क) मात्रा संबंधी

(ख) गुण संबंधी

(ग) कोई नहीं

7. गुणवाचक विशेषण का सही उदाहरण है -

(क) यह मेरा घर है।

(ख) वाह ! क्या बात है।

(ग) बहुत सुंदर पुष्प है।

8. कुछ लोग पार्क में टहल रहे हैं । वाक्य भेद है -

(क) गुणवाचक विशेषण का

(ख) संख्यावाचक विशेषण का

(ग) परिमाणवाचक विशेषण का

9. 'हरे-भरे पेड़-पौधे किसे अच्छे नहीं लगते' । इस वाक्य में विशेषण है -

(क) पेड़-पौधे

(ख) हरे-भरे

(ग) किसे

10. साक्षी समझदार लड़की है । इस वाक्य में विशेषण है-

(क) साक्षी

(ख) समझदार

(ग) लड़की

11. 'यह, वह, वे, ये' आदि शब्द भेद हैं –

(क) परिमाणवाचक विशेषण

(ख) गुणवाचक विशेषण

(ग) सार्वनामिक विशेषण

12. मैं एक किलो सेब लाया । यह वाक्य विशेषण का भेद है –

(क) गुणवाचक

(ख) परिमाणवाचक

(ग) संख्यावाचक

13. फूल रंग-बिरंगे हैं । यह वाक्य भेद है–

(क) परिमाणवाचक विशेषण का

(ख) संख्यावाचक विशेषण का

(ग) गुणवाचक विशेषण का

14. वह खरगोश गाजर खा रहा है । वाक्य में 'वह' शब्द है –

(क) गुणवाचक विशेषण का

(ख) संख्यावाचक विशेषण का

(ग) सार्वनामिक विशेषण का

15. राधिका की तीन बहनें हैं ˙ यह वाक्य उदाहरण है –

(क) गुणवाचक विशेषण का

(ख) संख्यावाचक विशेषण का

(ग) सार्वनामिक विशेषण का

कॉपीराइट सर्वाधिकार सुरक्षित © हिंदी विकास मंच

9-क्रिया

1. 'बच्चा सो रहा है ।' इस वाक्य में कौन-सी क्रिया है ?
   (क) सकर्मक
   (ख) अकर्मक
   (ग) कोई नहीं

2. धोबी कपड़े धो रहा है । इस वाक्य में क्रिया है -
   (क) सकर्मक
   (ख) अकर्मक
   (ग) दोनों

3. कृति नाच रही है । इस वाक्य में 'नाच रही' है -
   (क) विशेषण
   (ख) सर्वनाम
   (ग) क्रिया

4. मोहित सेब खाता है । वाक्य में क्रिया है -
   (क) अकर्मक
   (ख) सकर्मक
   (ग) कोई नहीं

5. कर्ता जो काम करता है उसे ..... कहते हैं -
   (क) कर्म
   (ख) क्रिया
   (ग) दोनों

6. जब क्रिया के साथ कर्म होता है तो उसे कहते हैं -
   (क) अकर्मक
   (ख) सकर्मक
   (ग) कोई नहीं

7. शिक्षक ने विद्यार्थी को पुस्तक दी । वाक्य में क्रिया है -
   (क) अकर्मक
   (ख) सकर्मक
   (ग) द्विकर्मक

8. किसान फसल काट रहा है । वाक्य में क्रिया है -
   (क) अकर्मक
   (ख) द्विकर्मक
   (ग) सकर्मक

9. बच्चे तालाब में तैर रहे हैं। वाक्य में क्रिया है -
   (क) सकर्मक
   (ख) अकर्मक
   (ग) कोई नहीं

10. क्या, किसे अथवा किसको लगाकर प्रश्न पूछने पर उत्तर मिलने से -
   (क) अकर्मक क्रिया की पहचान होती है
   (ख) सकर्मक क्रिया की पहचान होती है
   (ग) कुछ नहीं होता

11. सकर्मक क्रिया का उदाहरण है -

(क) मोहन खाना खायेगा ।

(ख) नीरज खाना खा रहा है ।

(ग) शारदा ने खाना खाया ।

12. प्रिया सो रही है। वाक्य में क्रिया है-

(क) सकर्मक

(ख) द्विकर्मक

(ग) अकर्मक

13. अकर्मक क्रिया में नहीं होता है -

(क) कर्म

(ख) कर्ता

(ग) क्रिया

14. नीरज खेल रहा है । वाक्य में क्रिया है-

(क) अकर्मक

(ख) सकर्मक

(ग) द्विकर्मक

15. मोहन जाग गया है। वाक्य में क्रिया है -

(क) अकर्मक

(ख) सकर्मक

(ग) दोनों

कॉपीराइट सर्वाधिकार सुरक्षित © हिंदी विकास मंच

10-वाक्य

1. शब्द सार्थक समूह है -

(क) पदों का

(ख) वर्णों का

(ग) वाक्यों का

2. सबसे पहले भाषिक दृष्टि से बनता है-

(क) वर्ण

(ख) शब्द

(ग) वाक्य

3. कौन-सा वाक्य शुद्ध है?

(क) क्या आप बाज़ार जाएगा ?

(ख) क्या तुम बाज़ार जाएगा ?

(ग) क्या आप बाज़ार जाएँगे ?

4. रोटी-वोटी, चाय-वाय में निरर्थक शब्द है -

(क) रोटी

(ख) रोटी और चाय

(ग) वोटी और वाय

5. सार्थक वाक्य का सही उदाहरण है -

(क) बादल देखते ही मोरनी नाचने लगा ।

(ख) काले-काले बादल देखते ही मोर नाचने लगा ।

(ग) काले-काले देखकर मोर नाचने बादल लगा ।

6. निम्न में शुद्ध वाक्य है-

(क) मैं नाश्ता कर लिया हूँ ।

(ख) मैं नाश्ता हो चुका है ।

(ग) मैं नाश्ता कर चुका हूँ ।

7. निम्नलिखित में सार्थक वाक्य है -

(क) थी बहुत में मेट्रो भीड़

(ख) रचित के पिताजी चले गए ।

(ग) सुनाया ने नीलू गाना

8. उचित सार्थक वाक्य का उदाहरण है -

(क) नकुल में रास्ते मिला उसे

(ख) उसे रास्ते में नकुल मिला ।

(ग) रास्ते में उसे नकुल मिला

9. बच्चों.....पतंग उड़ाई । वाक्य में उचित शब्द होगा -

(क) ने

(ख) के

(ग) पर

10. सार्थक वाक्य का सही उदाहरण है -

(क) है घूमता चंद्रमा पृथ्वी के चारों ओर

(ख) चंद्रमा पृथ्वी के चारों ओर घूमता है ।

(ग) चारों ओर है चंद्रमा घूमता पृथ्वी के

11. सार्थक वाक्य का उचित उदाहरण है –

(क) बैठ पर बाइक वह था गया ।

(ख) वह बाइक पर बैठ गया था ।

(ग) वह बैठ गया था बाइक पर ।

12. घोड़ा सड़क ····· दौड़ता है । वाक्य में उचित शब्द होगा –

(क) में

(ख) पर

(ग) ने

13. आसमान ····· काले बादल छाए हुए हैं । रिक्त स्थान में उचित शब्द होगा –

(क) ने

(ख) पर

(ग) में

14. सार्थक वाक्य का उचित उदाहरण है –

(क) प्रतिमा यह बहुत सुंदर है ।

(ख) यह प्रतिमा बहुत सुंदर है ।

(ग) यह है बहुत सुंदर प्रतिमा ।

15. आज बाज़ार ····· बहुत भीड़ है । रिक्त स्थान में उचित शब्द होगा –

(क) में

(ख) को

(ग) से

कॉपीराइट सर्वाधिकार सुरक्षित © हिंदी विकास मंच

11-विराम-चिह्न

1. आप क्या कर रहे हैं ? वाक्य में लगा विराम-चिह्न है -

(क) पूर्णविराम

(ख) अल्पविराम

(ग) प्रश्नवाचक

2. अरे ! तुम आ गए । वाक्य में 'अरे' के बाद लगा विराम-चिह्न है -

(क) उद्धरण चिह्न

(ख) विस्मयादिबोधक चिह्न

(ग) अल्पविराम

3. नीरज घर गया । वाक्य में विराम-चिह्न है -

(क) विस्मयादिबोधक

(ख) अल्पविराम

(ग) पूर्णविराम

4. शोक, घृणा, हर्ष व आश्चर्य को बताने के लिए सही विराम-चिह्न है -

(क) विस्मयादिबोधक

(ख) प्रश्नवाचक

(ग) पूर्णविराम

5. प्रश्नवाचक चिह्न का प्रयोग किया जाता है-

(क) प्रश्न पूछने के लिए

(ख) उद्धरण को बताने के लिए

(ग) जोड़ने के लिए

6. दो शब्दों को जोड़ने के लिए सही विराम-चिह्न होगा -

(क) प्रश्नवाचक

(ख) विस्मयादिबोधक

(ग) योजक

7. क्या भारत मैच जीतेगा ..... उचित विराम-चिह्न होगा -

(क) योजक

(ख) प्रश्नवाचक

(ग) विस्मयादिबोधक

8. सुबह ..... शाम अवश्य घूमना चाहिए उचित विराम-चिह्न होगा-

(क) ?

(ख) -

(ग) ,

9. रजनी .... रोशनी और अरुण बाज़ार जा रहे हैं - उचित विराम-चिह्न होगा-

(क) ।

(ख) ,

(ग) ?

10. जहाँ वाक्य पूरी तरह समाप्त हो जाता है, वहाँ विराम-चिह्न होगा -

(क) अल्पविराम

(ख) पूर्णविराम

(ग) प्रश्नचिह्न

11. प्रश्नसूचक वाक्यों के अंत में विराम-चिह्न लगाया जाता है -

(क) पूर्णविराम

(ख) अल्पविराम

(ग) प्रश्नचिह्न

12. मेज़ पर किताब .... कॉपी और कलम रखी है । उचित विराम-चिह्न होगा -

(क) ,

(ख) -

(ग) ?

13. बाहर देखो कौन आया है ... उचित विराम-चिह्न होगा -

(क) ?

(ख) ,

(ग) -

14. मुझे टॉफी, चॉकलेट, केक और पिज्जा चाहिए । वाक्य में विराम-चिह्न है -

(क) पूर्णविराम

(ख) अल्पविराम

(ग) दोनों

15. अल्पविराम का उपयोग होता है -

(क) कुछ देर रुकने के लिए

(ख) पूरी तरह रुकने के लिए

(ग) प्रश्न पूछने के लिए

कॉपीराइट सर्वाधिकार सुरक्षित © हिंदी विकास मंच

12-मुहावरे

1. **'हाथ साफ़ करना' मुहावरे का अर्थ होगा -**

(क) सफ़ाई करना

(ख) दंड देना

(ग) चुरा लेना

2. **हथियार डालना - मुहावरे का अर्थ होगा -**

(क) युद्ध से डर जाना

(ख) डर जाना

(ग) पराजय स्वीकार कर लेना

3. **चिकना घड़ा - मुहावरे का अर्थ होगा -**

(क) बहुत सुंदर

(ख) बेअसर

(ग) बहुत मूर्ख

4. **आँखें फेर लेना - मुहावरे का अर्थ होगा -**

(क) दुश्मनी करना

(ख) बदल जाना

(ग) सहायता

5. **अक्षरधाम मंदिर की सुंदरता ने मेरा ..... ।**

(क) फूला न समाया

(ख) मन मोह लिया

(ग) दंग रह गया

6. **मेज़ पर चॉकलेट देखकर रोहन के मुँह में ..... .**

(क) होश उड़ गए

(ख) पानी आ गया

(ग) बाग-बाग होना

7. **चोर पुलिस को देखकर ..... .**

(क) हाथ-पैर फूल गए

(ख) दंग रह गया

(ग) नौ दो ग्यारह हो गया

8. **'नाकों चने चबबाना' मुहावरे का सही अर्थ है -**

(क) बहुत परेशान करना

(ख) सुख से जीवन बिताना

(ग) इज्ज़त पाना

9. **'ईद का चाँद होना' मुहावरे का सही अर्थ है -**

(क) पराजित करना

(ख) बहुत दिनों बाद दिखाई देना

(ग) बहुत प्रयत्न करना

10. **'चैन की बंसी बजाना' मुहावरे का सही अर्थ है -**

(क) हरा देना

(ख) सुख से जीवन बिताना

(ग) परेशान होना

11. 'पानी फेर देना' मुहावरे का सही अर्थ है –

(क) चौपट कर देना

(ख) पछताना

(ग) बड़ा काम करना

12. राणा प्रताप का घोड़ा चेतक ..... .

(क) नाक में दम कर देता था।

(ख) दाँत खट्टे कर देता था।

(ग) हवा से बातें करता था।

13. 'नाम कमाना' मुहावरे का सही अर्थ है –

(क) इज़्ज़त पाना

(ख) नाम खराब होना

(ग) परेशान होना

14. 'जी जान से काम करना' मुहावरे का अर्थ है –

(क) हार मानना

(ख) हरा देना

(ग) पूरी लगन से काम करना

15. 'हाथ मलना' मुहावरे का सही अर्थ है –

(क) पछताना

(ख) हाथ-पैर मारना

(ग) घुटने टेकना

कॉपीराइट सर्वाधिकार सुरक्षित © हिंदी विकास मंच

13-विलोम शब्द

1. मुझे गरम चाय दो । 'गरम' का विलोम होगा -

(क) ठंडा

(ख) दिन

(ग) नीचे

2. मेज़ के नीचे बिल्ली है । 'नीचे' का विलोम होगा -

(क) रात

(ख) ऊपर

(ग) कुर्सी

3. अनुकूल का विलोम है -

(क) बूढ़ा

(ख) नास्तिक

(ग) प्रतिकूल

4. आय का विलोम शब्द है -

(क) पैसे

(ख) व्यय

(ग) पश्चिम

5. रात का विलोम होगा-

(क) दिन

(ख) सुबह

(ग) नीचे

6. हमें स्वच्छ रहना चाहिए । 'स्वच्छ' का विलोम है -

(क) अस्वच्छ

(ख) गंदगी

(ग) साफ

7. बड़ों का सदैव आदर करना चाहिए । 'आदर' का विलोम है -

(क) सरल

(ख) पूजना

(ग) अनादर

8. पुरस्कार का विलोम है -

(क) पुण्य

(ख) निराशा

(ग) दंड

9. जड़ का विलोम शब्द है -

(क) पत्ते

(ख) फूल

(ग) चेतन

10. सम का विलोम होगा -

(क) विषम

(ख) संख्या

(ग) गिनती

11. हिंसा का विलोम होगा –

(क) नास्तिक

(ख) बूढ़ा

(ग) अहिंसा

12. आना का विलोम है –

(क) जाना

(ख) खाना

(ग) सोना

13. सूर्योदय का विलोम शब्द है –

(क) पूर्व

(ख) सूर्यास्त

(ग) पश्चिम

14. बढ़ना का विलोम होगा –

(क) घटना

(ख) ऊपर

(ग) खुशबू

15. यह मंदिर बहुत प्राचीन है । 'प्राचीन' का विलोम है –

(क) पुण्य

(ख) नवीन

(ग) कुरूप

कॉपीराइट सर्वाधिकार सुरक्षित © हिंदी विकास मंच

14-पर्यायवाची शब्द

1. सुलोचना के नेत्र बहुत ही सुंदर हैं ।
'नेत्र' का पर्यायवाची है -
(क) नासिका
(ख) आँख
(ग) मीन

2. कल रात बहुत तेज बारिश हुई ।
'रात' का पर्यायवाची है -
(क) साँझ
(ख) दिन
(ग) रात्रि

3. समान अर्थ देने वाले शब्द कहलाते हैं -
(क) पर्यायवाची
(ख) समानार्थक
(ग) दोनों

4. 'अचल, नग, भूधर' पर्याय हैं -
(क) पर्वत के
(ख) भूमि के
(ग) वृक्ष के

5. 'पुत्र' का पर्यायवाची है -
(क) सुत, नंदन, लाल
(ख) बेटा, सुत, पुत्री
(ग) सुत, नंदन, मित्र

6. भगवान सबकी मदद करते हैं ।
'भगवान' शब्द का पर्यायवाची है -
(क) ईश्वर
(ख) बाग
(ग) स्वर्ग

7. हमें अपने गुरु का सदैव आदर करना चाहिए । 'गुरु' का पर्यायवाची है-
(क) दीपक
(ख) आचार्य
(ग) भोर

8. 'नारी, वनिता' पर्यायवाची हैं -
(क) स्त्री
(ख) भानु
(ग) अमर

9. सखा, सहचर, साथी पर्यायवाची हैं -
(क) कनक
(ख) मित्र
(ग) सुमन

10. वायु, पवन, समीर पर्यायवाची हैं -
(क) हवा
(ख) भवन
(ग) सलिल

11. आकाश में काले बादल छाए हैं । 'आकाश' का पर्यायवाची शब्द है –

(क) सितारे

(ख) गगन

(ग) लोचन

12. सूरज पूर्व में निकलता है । 'सूरज' का पर्यायवाची है –

(क) रवि

(ख) चंद्रमा

(ग) तारे

13. 'वस्त्र, वसन' पर्याय हैं –

(क) पेड़ के

(ख) पादप के

(ग) कपड़ा के

14. 'उपवन, उद्यान, वाटिका' पर्यायवाची हैं –

(क) भूमि

(ख) धरा

(ग) बगीचा

15. 'अनल, पावक' पर्याय हैं –

(क) आग के

(ख) पानी के

(ग) हवा के

कॉपीराइट सर्वाधिकार सुरक्षित © हिंदी विकास मंच

15-अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

(अनेकार्थक शब्द, श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द, समूहवाची शब्द, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द)

1. जिसका कोई आकार न हो -

(क) साकार

(ख) सगुण

(ग) निराकार

2. जल में विचरण करने वाला -

(क) जलज

(ख) जलचर

(ग) जलजात

3. जो मीठा बोलता है -

(क) मधुरवानी

(ख) मृदुभाषी

(ग) मिठाई

4. अत्याचार करने वाला-

(क) अत्याचारी

(ख) दुराचारी

(ग) विज्ञानी

5. जिसके माता-पिता न हो-

(क) मातृहीन

(ख) पिताहीन

(ग) अनाथ

6. वर्ष में एक बार होने वाला -

(क) पाक्षिक

(ख) वार्षिक

(ग) मासिक

7. नोटों के समूह को कहते हैं -

(क) गड्डा

(ख) गट्ठर

(ग) गड्डी

8. भेड़-बकरियों का समूह कहलाता है-

(क) टुकड़ी

(ख) रेवड़

(ग) समूह

9. घुड़सवारों का समूह कहलाता है -

(क) दल

(ख) टीम

(ग) मंडली

10. मधुमक्खियों का झुंड कहलाता है -

(क) जोड़

(ख) शृंखला

(ग) छत्ता

11. 'गरीब' शब्द का अर्थ है -

(क) दिन

(ख) दीन

(ग) दोनों

12. 'तथा' शब्द के लिए प्रयोग होने वाला शब्द है -

(क) ओर

(ख) और

(ग) दोनों

13. इस जगत में तरह-तरह के प्राणी हैं । 'जगत' शब्द का अर्थ है -

(क) संसार

(ख) कुएँ का चबूतरा

(ग) दोनों

14. गाड़ी चलाता है -

(क) चालाक

(ख) चालक

(ग) दोनों

15. अनेकार्थक शब्द 'नाना' का अर्थ है -

(क) अनेक

(ख) माँ के पिता जी

(ग) दोनों

16. भेंट शब्द का अर्थ है -

(क) उपहार

(ख) मुलाकात

(ग) दोनों

कॉपीराइट सर्वाधिकार सुरक्षित © हिंदी विकास मंच

16-अपठित गद्यांश

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के सही उत्तर छाँटिए-

बुरी आदतें आसानी से पीछा नहीं छोड़ती। जन्म से तो कोई बुरी आदत हम साथ नहीं लाते, फिर यह हमारे व्यवहार में कैसे आ जाती है? सामान्यत: बचपन में या नादानी में हम कोई गलत काम केवल एक बार का अनुभव पाने या किसी खास परेशानी से बचने के लिए कर देते हैं और वह एक बार का अनुभव धीरे-धीरे हमारी आदत बन जाता है, हमारे स्वभाव में आ जाता है। अत: बुरी बातों, बुरी संगत से दूर ही रहना चाहिए। कहते हैं न–

काजल की कोठरी में कैसो ही सयानो जाए,
एक लीक काजल की लागे है तो लागे है।

1. **हम बुरी आदतों के शिकार कैसे बन जाते हैं–**
   (क) जान-बूझकर
   (ख) नादानी में
   (ग) धोखे से

2. **'काजल की कोठरी' किसके समान होती है-**
   (क) सुसंगति
   (ख) कुसंगति
   (ग) संस्कार

3. **इनमें से कौन सी आदत बुरी नहीं है–**
   (क) झूठ बोलना
   (ख) धोखा देना
   (ग) आदर करना

4. **हमें किससे दूर रहना चाहिए–**
   (क) अनुभव से
   (ख) कुसंगति से
   (ग) सुसंगति से

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के सही उत्तर छाँटिए-

एक बकरी थी। उसका एक मेमना था। दोनों जंगल में चर रहे थे। चरते-चरते बकरी को प्यास लगी। मेमने को भी प्यास लगी। बकरी बोली, ''चलो, पानी पी आएँ।'' मेमने ने भी जोड़ा ''हाँ माँ! चलो पानी पी आएँ।'' पानी पीने के लिए बकरी नदी की ओर चल दी। मेमना भी पानी पीने के लिए नदी की ओर चल पड़ा। बातों-बातों में बकरी ने मेमने को बताया, ''साहस से काम लो तो संकट टल जाता है। धैर्य यदि बना रहे तो विपत्ति से बचाव का रास्ता निकल ही आता है।''

5. बकरी तथा मेमने के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

(क) बकरी तथा उसका मेमना जंगल में चर रहे थे।

(ख) चरते-चरते बकरी को प्यास लगी थी।

(ग) मेमने को प्यास नहीं लगी थी।

6. बकरी ने मेमने को क्या बताया?

(क) संकट के समय साहस से काम लेना चाहिए।

(ख) साहस से काम लेने पर संकट भी टल जाता है।

(ग) विपत्ति से बचने के लिए धैर्य बहुत आवश्यक है।

7. बकरी और मेमना पानी के लिए किसकी ओर चल दिए ?

(क) बकरी और मेमना पानी पीने के लिए तालाब की ओर चल दिए।

(ख) बकरी और मेमना पानी पीने के लिए नदी की ओर चल दिए।

(ग) बकरी और मेमना पानी पीने के लिए कुएँ की ओर चल दिए।

8. -------- बना रहे तो विपत्ति से बचाव का रास्ता निकल ही आता है-

(क) साहस

(ख) संकट

(ग) धैर्य

कॉपीराइट सर्वाधिकार सुरक्षित © हिंदी विकास मंच

17-यह भी जानें

दिनों के नाम

रविवार
सोमवार
मंगलवार
बुधवार
बृहस्पतिवार
शुक्रवार
शनिवार

महीनों के नाम

जनवरी
फरवरी
मार्च
अप्रैल
मई
जून
जुलाई
अगस्त
सितंबर
अक्तूबर
नवंबर
दिसंबर

संख्याओं के नाम

1	–	एक	16	–	सोलह
2	–	दो	17	–	सत्रह
3	–	तीन	18	–	अठारह
4	–	चार	19	–	उन्नीस
5	–	पाँच	20	–	बीस
6	–	छह	21	–	इक्कीस
7	–	सात	22	–	बाईस
8	–	आठ	23	–	तेईस
9	–	नौ	24	–	चौबीस
10	–	दस	25	–	पच्चीस
11	–	ग्यारह	26	–	छब्बीस
12	–	बारह	27	–	सत्ताईस
13	–	तेरह	28	–	अट्ठाईस
14	–	चौदह	29	–	उनतीस
15	–	पंद्रह	30	–	तीस

अशुद्ध एवं शुद्ध शब्द

अशुद्ध	शुद्ध
राष्ट्रिय	राष्ट्रीय
चिन्ह	चिह्न
तिथी	तिथि
दुबल	दुर्बल
आर्शीवाद	आशीर्वाद

18-मेरी संस्कृति मेरी विरासत

1. **हिंदू धर्म की मान्यतानुसार ज्ञान की देवी कौन हैं?**
   (क) सरस्वती
   (ख) लक्ष्मी
   (ग) दुर्गा

2. **भारत का राष्ट्रीय खेल क्या है?**
   (क) क्रिकेट
   (ख) कबड्डी
   (ग) हॉकी

3. **इनमें से सबसे लंबी नदी है -**
   (क) गंगा
   (ख) यमुना
   (ग) ब्रहमपुत्र

4. **भगवान कृष्ण का जन्म किस स्थान पर हुआ था?**
   (क) वृंदावन
   (ख) द्वारका
   (ग) मथुरा

5. **महाभारत की रचना किसने की?**
   (क) वेद व्यास
   (ख) तुलसीदास
   (ग) कबीरदास

6. **श्री राम ने कितने वर्ष का वनवास पाया?**
   (क) 10 वर्ष
   (ख) 14 वर्ष
   (ग) 13 वर्ष

7. **कोणार्क का सूर्य मंदिर किस राज्य में स्थित है?**
   (क) ओडिशा
   (ख) पश्चिम बंगाल
   (ग) आंध्र प्रदेश

8. **चंडीगढ़ कितने राज्यों की राजधानी है?**
   (क) दो
   (ख) तीन
   (ग) एक

9. **स्वर्ण मंदिर कहाँ स्थित है?**
   (क) चंढीगढ़
   (ख) अमृतसर
   (ग) जालंधर

10. **'जय जवान जय किसान' का नारा किसने दिया था?**
    (क) सरदार वल्लभ भाई पटेल
    (ख) सुभाष चंद्र बोस
    (ग) लाल बहादुर शास्त्री

11. **गाँधी जयंती किस माह में मनाई जाती है?**
    (क) नवंबर
    (ख) अक्तूबर
    (ग) सितंबर

12. **कोलकाता कौन-सी नदी के किनारे बसा है?**
    (क) ब्रहमपुत्र
    (ख) गोदावरी
    (ग) हुगली

कॉपीराइट सर्वाधिकार सुरक्षित © हिंदी विकास मंच

13. ''तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा।'' किसने कहा है?

(क) महात्मा गाँधी

(ख) सरदार वल्लभ भाई पटेल

(ग) सुभाष चंद्र बोस

14. राम की सेना में कौन-कौन से वानर थे जिनके छूने से पत्थर भी तैरने लगते थे?

(क) सुग्रीव

(ख) अंगद

(ग) नल और नील

15. 'रामचरितमानस' के रचयिता कौन हैं?

(क) वाल्मिकी

(ख) सूरदास

(ग) तुलसीदास

16. भक्त प्रह्लाद किसका पुत्र था?

(क) हिरण्यकश्यप

(ख) सहत्रअर्जुन

(ग) बाली

17. कुंभ का मेला कितने वर्ष बाद लगता है?

(क) दस वर्ष बाद

(ख) बारह वर्ष बाद

(ग) चौदह वर्ष बाद

18. भारत के तिरंगे में अशोक चक्र में कितनी तीलियाँ हैं?

(क) इक्कीस

(ख) बीस

(ग) चौबीस

19. वंदे मातरम् किसने लिखा है?

(क) रवींद्र नाथ टैगोर

(ख) मुंशी प्रेमचंद

(ग) बंकिमचंद्र चटर्जी

20. भारत के प्रथम राष्ट्रपति का नाम है-

(क) सरदार वल्लभ भाई पटेल

(ख) सुभाष चंद्र बोस

(ग) डा० राजेंद्र प्रसाद

मेरी संस्कृति मेरी विरासत खंड में दिए गए प्रश्नों में से दो प्रश्न परीक्षा में अवश्य पूछे जाएँगे ।

उत्तरमाला–

1. भाषा और लिपि

1. क	2. क	3. ग	4. ख	5. क	6. ख	7. ग	8. ग
9. क	10. ग	11. ग	12. ग	13. ख	14. ख	15. क	

2. वर्णमाला और मात्राएँ

1. ग	2. ग	3. ख	4. क	5. ग	6. ग	7. ख	8. क
9. ख	10. ख	11. ख	12. क	13. ख	14. ख	15. ख	

3. संयुक्त व्यंजन

1. क	2. क	3. ख	4. क	5. ख	6. क	7. ख	8. ख
9. ख	10. ग	11. ग	12. क	13. क	14. क	15. ख	

4. संज्ञा

1. क	2. ग	3. ख	4. ग	5. क	6. ख	7. ग	8. ग
9. क	10. ख	11. ख	12. क	13. ख	14. ख	15. क	

5. लिंग

1. क	2. ख	3. ग	4. ख	5. ग	6. ख	7. ख	8. क
9. ख	10. ग	11. ख	12. ख	13. क	14. ख	15. ग	

6. वचन

1. ख	2. ख	3. ख	4. ख	5. ग	6. ग	7. क	8. ख
9. ख	10. ख	11. ख	12. ग	13. ख	14. ख	15. ख	

7. सर्वनाम

1. ख	2. ख	3. क	4. ख	5. ग	6. ख	7. ग	8. ख
9. ख	10. क	11. क	12. ख	13. ख	14. ग	15. ग	

8. विशेषण

1. ग	2. ग	3. ख	4. ख	5. क	6. क	7. ग	8. ख
9. ख	10. ख	11. ग	12. ख	13. ग	14. ग	15. ख	

कॉपीराइट सर्वाधिकार सुरक्षित © हिंदी विकास मंच

9. क्रिया

1. ख	2. क	3. ग	4. ख	5. ख	6. ख	7. ख	8. ग
9. क	10. ख	11. ख	12. ग	13. क	14. क	15. क	

10. वाक्य

1. ख	2. क	3. ग	4. ग	5. ख	6. ग	7. ख	8. ख
9. क	10. ख	11. ख	12. ख	13. ग	14. ख	15. क	

11. विराम-चिह्न

1. ग	2. ख	3. ग	4. क	5. क	6. ग	7. ख	8. ख
9. ख	10. ख	11. ग	12. क	13. क	14. ख	15. क	

12. मुहावरे

1. ग	2. ग	3. ख	4. ख	5. ख	6. ख	7. ग	8. क
9. ख	10. ख	11. क	12. ग	13. क	14. ग	15. क	

13. विलोम शब्द

1. क	2. ख	3. ग	4. ख	5. क	6. क	7. ग	8. ग
9. ग	10. क	11. ग	12. क	13. ख	14. क	15. ख	

14. पर्यायवाची शब्द

1. ख	2. ग	3. ग	4. क	5. क	6. क	7. ख	8. क
9. ख	10. क	11. ख	12. क	13. ग	14. ग	15. क	

15. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

1. ग	2. ख	3. ख	4. क	5. ग	6. ख	7. ग	8. ख	
9. क	10. ग	11. ख	12. ख	13. ग	14. ख	15. ग	16. ग	

16. अपठित गद्यांश

1. ख	2. ख	3. ग	4. ख	5. ग	6. क	7. ख	8. ग

18. मेरी संस्कृति मेरी विरासत

1. क	2. ग	3. ग	4. ग	5. क	6. ख	7. क	8. क	
9. ख	10. ग	11. ख	12. ग	13. ग	14. ग	15. ग	16. क	
17. ख	18. ग	19. ग	20. ग					